केन्द्रीय विद्यालय ओ.ई.एफ. कानपुर

# 'उड़ान'

(समाचार पत्रिका)

अंक- 15 जुलाई-सितम्बर 2019 वार्षिक अंक -1




(श्री एस. के. मल्ल)
आयुक्त,
केंद्रीय विद्यालय संगठन





(श्री डी. के. द्विवेदी)
उपायुक्त
केंद्रीय विद्यालय संगठन
लखनऊ संभाग



(श्री दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव)
अध्यक्ष,
विद्यालय प्रबंध समिति



(डॉ. अनुराग यादव)
सहायक आयुक्त,
केंद्रीय विद्यालय संगठन
लखनऊ संभाग






(श्री टी. के. साहा)
नामित अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंध समिति



(श्री राजगुरु सिंह)
प्राचार्य

## संपादक मंडल



(श्रीमती दुर्गा मिश्रा)
मुख्य संपादक



(श्रीमती सुधा अग्निहोत्री)
संपादक (हिन्दी)



(श्रीमती बीना शुक्ला)
संपादक (अंग्रेज़ी)



(सुश्री रत्ना बरुआ)
तकनीकी सहायक



(श्री एस. के. मिश्रा)
छायांकन



(सुश्री पूजा पाठक)
छायांकन




(श्रीमती शालिनी ककनानी)
तकनीकी सहायक



मास्टर अर्पित वर्मा



कुमारी रितिका



**News Letter is to my mind is a mode of sharing collaboration, motivation and inspiration. I am proud of releasing this CMP Newsletter that highlights the very concept of education methodology being followed and provides glimpses of our children who are like wet soil whatever falls on them makes an impression.**

**(Raj Guru Singh)**
**Principal**



**सत्र 2019-20 का यह तृतीय अंक प्रकाशित करते हुए मै प्रभारी मुख्य अध्यापिका अत्यंत हर्ष का अनुभव कर रही हु। समाचार पत्रिकाओं के द्वारा हम विभिन्न कार्यों को प्रतिबिम्बित कर सकते है। किसी भी शिक्षार्थी के लिए विद्यालयी जीवन अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। अत: विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख समाचार पत्रिका में स्पष्ट रूप से वर्णित होता है।**

**बच्चों ,**

**जीवन में लक्ष्यों को तय करना तथा कार्यों के प्रति कर्तव्यनिष्ठ होकर उनका पालन करना एक श्रेष्ठ व्यक्तित्व का उदाहरण होता है।अत: विभिन्न चुनौतियों को स्वीकार करके उत्तम भविष्य की ओर अग्रसर हों।मै आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ।**

**धन्यवाद**

**(दुर्गा मिश्रा)**
**(प्रभारी) मुख्य अध्यापिका**

**डॉ. ज्योत्स्ना वर्मा सेवा निवृत्त मुख्याध्यापिका का प्राथमिक सम्भाग के लिए सन्देश**



प्रिय बच्चों एवं विद्वान शिक्षक वृंद

आज मेरे लिए यह अपार हर्ष का विषय है कि मैं सेवा निवृत्त होने के पश्चात आपसे कुछ बात कर रही हूँ । 31 जुलाई 2019 को मैं सेवा निवृत्त हो गई।

जीवन के 31 वर्ष केंद्रीय विद्यालय संगठन की सेवा करते हुए मुझे विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ जिसके कारण मेरे अनुभवों ने तमाम सफ़र तय किये। इसके लिए मैं केंद्रीय विद्यालय संगठन से संबंधित सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ ।

प्राथमिक विभाग की समाचार पत्रिका का प्रकाशन आदरणीय प्राचार्य जी के मार्गदर्शन, शिक्षकों के अथक प्रयास तथा बच्चों की तत्परता का परिणाम है।भविष्य के लिए कोटिशः शुभकामनाएं ।

मैं सभी शिक्षक साथियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं ।

केंद्रीय विद्यालय ओईएफ कानपुर के विद्यार्थियों में प्रतिभाएं अधिक हैं अतः उनसे अपेक्षाएं भी अधिक होना स्वाभाविक है ।

बच्चों, अपनी जीवन यात्रा में मैने जो कुछ भी देखा ,सीखा तथा अनुभव किया उसकी कुछ कड़ियाँ मैं आप सब के साथ भी साझा करना चाहती हूँ।

कर्तव्यनिष्ठा, सत्य तथा लगन मनुष्य को जीवन की सर्वोत्कृष्ट ऊँचाइयों तक पहुँचाते हैं उसी प्रकार साहस भी अनमोल रत्न है जो बच्चे साहसी होते हैं वे जीवन को कुशलतापूर्वक चलाते हैं। अतः आप सब भी अपने अंदर इन गुणों का विकास करिए।

आप लोगों को अपने आपको सदैव सुरक्षित रखना चाहिए क्योंकि बच्चों ,आप लोग इस संसार की अमूल्य निधि हैं । जीवन को नए प्रयोगों, नवाचारों तथा आधुनिक तकनीक के द्वारा जीवंत बनाया जा सकता है।

अच्छी पुस्तकें जीवन में सन्मार्ग दिखाती हैं । दिन में किसी भी समय अपनी पाठ्यपुस्तकों के अतिरिक्त कुछ अन्य पुस्तकें अवश्य पढ़िए । अपनी रूचि एवं अभिरुचि की पहचान करके उसको भी तराशना हमारा कर्तव्य है क्योंकि इनके द्वारा जीवन में संतुलन बनाया जा सकता है।

सुनना, बोलना, पढ़ना और लिखना - इन चार कौशलों में निपुणता प्राप्त करके आप लोगों के द्वारा अपने भविष्य को और सुंदर बनाया जा सकता है ।

बड़ों का सम्मान करने वाला और अपने से छोटे को स्नेह देने वाला व्यक्ति समाज में अवश्य सम्मानित होता है । इतना ही नहीं जो बच्चे अनुशासित होते हैं उनमें जीवन की कठिनाइयों का सरलतापूर्वक सामना करने का साहस स्वयं ही आ जाता है।बच्चों, आप सब लोग भी इस दिशा में अवश्य प्रयास करें।

अपने व्यक्तित्व के विकास के लिएआप लोग खेलकूद, संगीत,कला तथा योग जैसी उत्कृष्ट कलाओं में अवश्य कुशलता प्राप्त करिए। ये कलाएं अच्छे मित्र के समान होती हैं।

जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए समय,पैसे तथा अपनी शक्ति का सदुपयोग करना चाहिए। जीवन की राह शिक्षकों के आशीर्वाद से सदैव प्रकाशित रहती है अतः आप लोगों को उनके प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए ।ध्यान रहे, स्वदेश प्रेम तथा सच्ची मानवता के भाव से आत्मगौरव प्राप्त होगा।

भविष्य की अनेकानेक शुभकामनाओं सहित

आपकी
(ज्योत्स्ना वर्मा)
मुख्याध्यापिका -सेवा निवृत

# PARENT TEACHER MEETING


















# CRAFT EXHIBITION














**<u>राखी बनाना और उत्सव मनाना</u>**

केन्द्रीय विद्यालय के बच्चे सम्पूर्ण प्रतिभा के धनी होते है। कलात्मक , रचनात्मक विकास से परिपूर्ण बच्चों नें अनुपम कला की धनी मैडम शालिनी कुकरेती से राखी बनाना सीखा , तरह तरह की सुंदर रखियाँ बनाकर प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्राचार्य जी ने किया कक्षाओं में स्नेह एवं अपनेपन की भावना से ओतप्रोत होकर छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधी। इस प्रकार बड़ी धूमधाम उल्लास के साथ राखी का त्योहार मनाया गया।

# COOKING WITHOUT FIRE













# Rakhi Celebration in Spastic Center













प्राथमिक विभाग की छात्राएँ हर वर्ष की भाँति *<u>"जॉय ऑफ गिविंग"</u>* के अंतर्गत अध्यापक एवं अध्यापिकाओं के संरक्षण में स्पास्टिक सेंटर गईं और वहाँ के विशेष बच्चों को राखी बांधी। यह द्रष्य अति सुखद था।

# RAKHI EXHIBITION & CELEBRATION











pageborders.org

# 73rd Independance Day


















माटी मेरे देश की चन्दन और गुलाल है।
देश प्रेम सीने मे ही वो भगत का लाल है
की भावना से ओतप्रोत होकर हमारे विद्यालय में 73वां स्वतंत्रता दिवस माननीय प्राचार्य की अगुआई में बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कक्षा प्रथम के नौनिहालों ने बड़े ही जोश के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत किए भारत के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्राचार्य के ओजपूर्ण शब्दों ने बच्चों में देशभक्ति की भावना जाग्रत की।

# VAN MAHOTSAV









“वृक्षों की जब करोगे रक्षा तभी बनेगा जीवन अच्छा”
“चलो पेड़ पौधे लगाएँ धरती को खुशहाल बनाएँ” की भावना से ओतप्रोत होकर विद्यालय मे वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने तथा अध्यापको ने पोधे लगाकर वन महोत्सव की सार्थकता को एक नया आयाम दिया। व्रक्ष जो हमारे जीवनदाता है उनके महत्व को छात्रों ने समझा और अधिक से अधिक पौधे

# Janmasthmi Celebration

















कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर कक्षा प्रथम व द्वितीय के छात्र - छात्राओ ने फेन्सी ड्रेस के अंतर्गत राधा-कृष्ण की वेषभूषा धारण करके सभी सुंदर नर्त्य प्रस्तुत किए तथा बच्चों की झकियाँ सजाई गई। सभी बच्चे बहुत उत्साहित रहे। बच्चे साक्षात राधा- कष्ण के प्रतिरूप लग रहे थे। द्रष्य काफी मनमोहक था।






# हिन्दी दिवस







**Hindi is our mother tongue, let's promote its use.**

हर वर्ष की भांति इस भी दिनांक 02/09/2019 से 16/09/2019 तक हिन्दी राजभाषा को विधिवत मनाया गया। प्रतिदिन छात्रों एवं अध्यापकों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। हिन्दी भाषा को समृद्ध एवं उत्कृष्ट बनाने के लिए सभी ने अपने विचार प्रस्तुत किए। दिनांक 16/09/2019 को समापन समारोह विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित करके सम्पन्न किया गया।

**जय हिन्द जय हिन्दी**

# 150th Aniversary of Mahatma Gandhi




















केन्द्रीय विद्‌यालय संगठन के आदेशानुसार गाँधी जी की 150 वीं जयंती को दिनांक 23/09/2019 से 02/10/2019 तक बड़ी धूमधाम से विभिन्न प्रकार की क्रियाकलापों के द्‌वारा मनाया गया। प्राथमिक कक्षाओं के छात्र-छात्रों ने समूह नृत्य, कविता पाठ, समूह गान, फेन्सी ड्रेस आदि कार्यक्रमों तथा चित्रकला प्रतियोगिता भी कराई गई जिसमे बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्राचार्य महोदय ने अपने भावो से छात्रों को प्रोत्साहित किया और उन्हे आशीर्वचन दिये।

# FIT INDIA PLOGGING RUN 2019


















गाँधी जी के 150 वीं जयंती के अवसर पर प्राचार्य के ओजपूर्ण वक्तव्य ने विद्यालय के माहौल में जोश भर दिया। अभिभावकों , छात्रों सभी शिक्षकों ने कूड़ा उठाते हुए दौड़ में भाग लिया। बारिश होने के बाद भी किसी के उत्साह में कमी नहीं थी। कार्यक्रम सुचारु रूप से सम्पन्न हुआ।